भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1083

दिनांक 24 जुलाई, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स, कल्याणी के संचालन की स्थिति

†1083. श्री अबू ताहेर खान:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, कल्याणी में सभी सुपर स्पेशियलिटी विभागों के प्रचालन की वर्तमान स्थिति क्या है;
(ख) वर्तमान में स्वीकृत पदों पर कितने संकाय सदस्य, चिकित्सक और कर्मचारी तैनात हैं; और
(ग) केन्द्र सरकार द्वारा उत्तर-बंगाल और पड़ोसी जिलों के रोगियों को बेहतर ओपीडी सेवाएं और स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री प्रतापराव जाधव)

(क): अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), कल्याणी में कुल 16 सुपर-स्पेशियलिटी विभागों में से 15 सुपर-स्पेशियलिटी विभाग वर्तमान में कार्यशील हैं।

(ख): एम्स, कल्याणी में स्वीकृत, भरे गए तथा रिक्त संकाय एवं गैर-संकाय पदों की स्थिति निम्नानुसार है:

संकाय पद			गैर-संकाय पद (सीनियर रेजिडेंट / जूनियर रेजिडेंट सहित)		
स्वीकृत	भरे गए	रिक्त	स्वीकृत	भरे गए	रिक्त
309	194	115	2221	1717	504

(ग): एम्स, कल्याणी ने रोगियों की पहुँच में सुधार, प्रतीक्षा समय में कमी तथा बाह्य रोगी सेवाओं को अधिक सुगम एवं निर्बाध बनाने के उद्देश्य से अनेक रोगी-केंद्रित पहलें की हैं। इन पहलों में बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) सेवाओं का विस्तार, रोगी पंजीकरण क्षमता में वृद्धि, ऑनलाइन अपॉइंटमेंट प्रणाली, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) समर्थित डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं का कार्यान्वयन, 'स्वास्थ्य' मोबाइल अनुप्रयोग, उसी दिन जाँच की सुविधा, नैदानिक सुविधाओं का विस्तार, एकीकृत विशेषज्ञ देखभाल तथा सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कैशलेस उपचार की सुविधा आदि शामिल हैं।

*****